तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 21 सितंबर 2025

13 बीईओ ने प्राचार्यों व संकुल समन्वयक की बैठक ली



14 किसानों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार सौंपा ज्ञापन





# 100 बिस्तर के अस्पताल सहित 50 क्रिटिकल केयर यूनिटों का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उईके ने शनिवार को डोंगरीगांव में बनने वाले नवीन जिला अस्पताल स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। नवीन जिला अस्पताल भवन 100 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा, जो पूरे जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। इसके अलावा 100 बिस्तरों का मातृत्व शिशु केयर यूनिट का भी निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में 50 बिस्तरों का क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का निर्माण कार्य जारी है। कलेक्टर ने कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान नए बनने वाले जिला अस्पताल भवन के स्थल में जाकर जगह का लेआउट एवं ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया। उन्होंने भवन में सर्व सुविधा व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए पर्याप्त पार्किंग की भी सुचारु व्यवस्था की प्लानिंग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, सीएमएचओ डॉ यू एस नवरत्न सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी को मिलकर इस महत्वपूर्ण परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि जिले के प्रत्येक नागरिक को उच्च ▶▶ शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर ने डोंगरीगांव में नवीन जिला अस्पताल स्थल का किया निरीक्षण



### कार्य को तेजी से पूर्ण करवाएं

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उईके ने बनने वाले भवन की संरचना, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की गति को भी निगरानी में रखते हुए कार्य को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल जिले की जीवनरेखा साबित होगा, इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से अस्पताल के आपातकालीन कक्ष, प्रसूति वार्ड, शिशु वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, औषधि भंडारण कक्ष तथा अन्य आवश्यक इकाइयों की व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल भवन इस प्रकार तैयार हो कि आने वाले कई वर्षों तक जिले की बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को पूरा कर सके।

विडंबना : महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की कमी से 530 से अधिक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित

# 45 साल पुराने हायर सेकंडरी स्कूल में बुनियादी सुविधाएं नहीं, भवन जर्जर व शिक्षकों की कमी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल ब्लॉक मुख्यालय मैनपुर में 45 साल पहले स्थापित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आज भी जर्जर भवन और शिक्षकों की कमी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस स्कूल में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी और पंडित श्यामाचरण शुक्ल जैसे दिग्गज नेता भी आ चुके हैं, और वर्तमान में भी मंत्री, विधायक और आला अधिकारी लगातार यहां आते रहते हैं, लेकिन इसकी हालत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्कूल 1980 में शुरू हुआ था, लेकिन 45 साल बाद भी इसका अपना भवन नहीं बन सका है। यह वर्तमान में हाई स्कूल के एक जर्जर भवन में चल रहा है, जिसके कमरों की हालत इतनी खराब है कि बारिश में छत से पानी टपकता है। स्कूल में 530 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, लेकिन हिंदी, ▶▶ शेष पेज 12 पर




### कृषि संकाय 10 वर्षों से बंद

यह क्षेत्र कृषि प्रधान होने के बावजूद, स्कूल में 1980 से संचालित हो रहा कृषि संकाय पिछले 8-10 वर्षों से शिक्षकों की कमी के कारण बंद पड़ा है। इससे नाराज छात्रों और अभिभावकों ने दो साल पहले स्कूल में तालाबंदी और शिक्षा कार्यालय का घेराव भी किया था। स्कूल में प्रयोगशाला, खेल सामग्री और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी भारी कमी है। खेलकूद के लिए पीटीआई शिक्षक नहीं हैं और पुस्तकालय के लिए भी शिक्षक की कमी बनी हुई है। शौचालयों की स्थिति बद से बदतर है।

# 52 संदिग्ध क्षेत्रों में पुलिस ने दी दबिश, 30 गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

आपरेशन निश्चय के तहत पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर अलग-अलग 52 से अधिक स्थानों में आकस्मिक दबिश दी गई जिसमें 5 आरोपियों को नशे का सामान बिक्री करते हुए गिरफ्तार कर, उनसे 6.450 किलो ग्राम गांजा जप्त किया गया है। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 30 आरोपियों को गिरफ्तार कर, उनके कब्जे से 283.610 लीटर शराब जप्त किया गया। इसी क्रम में शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 38 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। यह जानकारी देते हुए राजिम टीआई अमृतलाल साहू ने बताया कि 1 स्थायी वारण्टी भी तामिल किया गया। बताया कि जिला गरियाबंद पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र, रायपुर अमरेश मिश्रा के निर्देशन में जिला गरियाबंद में असामाजिक तत्वों एवं अवैध कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए आपरेशन निश्चय चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशो के परिपालन में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शुक्रवार 19 सितंबर को तड़के सुबह 5 बजे पुलिस की अलग-अलग 33 टीम 52 संदिग्ध ठिकानो पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। टीआई श्री साहू ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पुलिस की यह कार्रवाई निरंतर चलेगी। गुंडे, बदमाशों, चोर उचक्को, लुटेरों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वो के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### क्रेडा की लगाई गई सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट खराब

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में क्रेडा विभाग द्वारा लाखों रुपये खर्च कर दुर्गा मंच के सामने लगाई गई सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइटों की खराब हालत से लोग परेशान हैं। कुल दस लाइटों में से केवल दो ही जल रही हैं, जबकि बाकी खराब पड़ी हैं। कल से नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है, जिससे भक्तों और नगरवासियों में इन लाइटों को लेकर काफी निराशा है। स्थानीय लोगों ने कई बार क्रेडा विभाग के अधिकारियों से इन्हें ठीक कराने की मांग की है, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। नगर के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके से अनुरोध किया है कि नवरात्रि पर्व से पहले इन स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द सुधारा जाए ताकि त्योहार के दौरान किसी तरह की असुविधा न हो।

### राजिम में भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन आज, मुख्य अतिथि होंगी सांसद रूपकुमारी

**राजिम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितम्बर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन आज 21 सितंबर को राजिम के गायत्री मंदिर परिसर में दोपहर 2 बजे आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर शामिल होंगे। सम्मेलन को लेकर भाजपा जिला महामंत्री द्वय आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू ने राजिम सहित क्षेत्र के व्यापारी गण, अधिवक्ता गण, पत्रकार, पेंशनर्स समाज, गायत्री परिवार एवं सभी प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।



### करंट से भैंस की मौत



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के शासकीय प्राथमिक शाला के पीछे ट्रांसफार्मर के पास विद्युत करेंट लगने से भैंस की मृत्यु हो गई। यह भैंस कपूर यादव की बताई गई है। इस घटना की जानकारी करेली पुलिस चौकी को दी गई।

### कोपरा में रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**कोपरा।** यशिष फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार, 21 सितंबर 2025 को कोपरा के शासकीय प्राथमिक बालक शाला (बस स्टैंड) में एक स्वैच्छिक रक्तदान और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। आयोजकों का कहना है कि रक्तदान मानव सेवा का सबसे बड़ा कार्य है, जिससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को मुफ्त स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इस आयोजन के मुख्य आयोजक विक्रम निषाद, कुलेश्वर पटेल, जयकिशन कौशल और दिनेश पुरेना हैं।

# 5.5 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डुका

गरियाबंद जिले में अवैध शराब पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा के निर्देश पर पाण्डुका पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, थाना प्रभारी पाण्डुका के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम अतरमरा में छापा मारा। पुलिस ने आरोपी शिव देवांगन (उम्र 55 वर्ष) के कब्जे से 5.5 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद ठाकुर, आरक्षक चतुर निषाद, मिलाप साहू, महिला आरक्षक धर्मिन ध्रुव और सैनिक उत्तम साहू का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



# खोपलीपाट पावन धाम में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** खोपलीपाट पावन धाम में इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व की 18वीं वर्षगांठ मनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस आयोजन में 16 ग्रामों के ग्रामीण और समिति के लोग हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमलोर, भेरा, झबलीबाहरा, नवापारा, मुड़ागांव, पाटसिवनी, जामली, परसदाखुर्द, पिपरहट्टा, देवगांव, बोड़ाराबांधा, खुड़ियाडीह, बिरनीबाहरा, बिजेपाल, कुड़ेमा और नागिनबाहरा शामिल हैं। समिति ने इस वर्ष मनोकामना ज्योति कलश स्थापना के लिए दान राशि 551 रुपये निर्धारित की है। जो भक्त ज्योति कलश स्थापित कराना चाहते हैं, वे समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। खोपलीपाट देवी का मंदिर बीहड़ पहाड़ों के बीच एक आकर्षक और सुरम्य गुफा में स्थित है। इस स्थान की एक अनूठी विशेषता यहां स्थित एक विशालकाय पत्थर है, जिसे बजाने पर घंटी जैसी मधुर आवाज निकलती है। यह आवाज दो किलोमीटर दूर तक सुनाई देती है। ऐसी मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस साल खोपलीपाट पावन धाम में आस्था और श्रद्धा के साथ मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना 22 सितंबर, सोमवार को की जाएगी।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में बीते 18 अगस्त से 16 हजार एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। ये कर्मचारी लंबे समय से कम वेतन और अन्य सामाजिक-आर्थिक सुविधाओं की कमी से जूझ रहे थे। आखिरकार, 19 सितंबर की शाम को सरकार की सकारात्मक पहल और स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री के साथ हुई चर्चा के बाद यह हड़ताल समाप्त कर दी गई।

### सरकार के साथ बनी सहमति

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। संघ ने विशेष रूप से मीडिया का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से उनकी आवाज सरकार और जनता तक पहुंच सकी। इसके अलावा, सभी सामाजिक, अधिकारी-कर्मचारी और व्यापारी संगठनों के साथ-साथ बुद्धिजीवियों को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया गया। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से मनोज खरे और बसंत द्विवेदी ने एनएचएम कर्मचारियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि जल्द ही बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को भी बहाल कर दिया जाएगा। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष लम्बोदर महतो, शेखर धुर्वे और कई अन्य कर्मचारी तथा अधिकारी उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष अमृत राव भोंसले ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि कर्मचारियों के हितों के लिए भविष्य में भी उनकी आवाज बुलंद की जाती रहेगी।

दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे और नौ दिनों तक भंडारे का होगा आयोजन

# घटारानी में नवरात्रि की तैयारियां शुरू, अव्यवस्थाओं से श्रद्धालु परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल घटारानी में 22 सितंबर से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिर के भवनों की साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम किया जा रहा है। इस दौरान माता के भक्ति गीत गूंजेंगे, दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे और नौ दिनों तक भंडारे का आयोजन होगा। नवरात्रि की तैयारियों के बीच, विश्व सफाई दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता योगेश्वर साहू और मानव अधिकार आयोग के जिला अध्यक्ष महेंद्र गंधर्व ने घटारानी जन विकास समिति के कामकाज पर नाराजगी जताई है। योगेश्वर साहू ने कहा कि यहां यात्रियों के लिए सुलभ शौचालय की व्यवस्था बहुत खराब है।



शौचालय बने तो हैं, लेकिन वे खराब पड़े हैं और उनमें नल कनेक्शन नहीं है, जिससे भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत मिशन' की धज्जियां उड़ रही हैं। मानव अधिकार आयोग के जिला अध्यक्ष महेंद्र गंधर्व ने बताया कि उन्होंने कई बार समिति के अध्यक्ष संतोष दीवान से इन समस्याओं के बारे में बात की है, लेकिन वे ध्यान नहीं देते।



**पेयजल और पार्किंग की समस्या-** मंदिर परिसर और उसके आसपास कचरे का ढेर लगा रहता है, जिससे साफ-सफाई की स्थिति दयनीय है। इसके अलावा, यहां अक्सर पीने के पानी की समस्या भी होती है। पानी की टंकियां खुले में पड़ी रहती हैं, जिनमें कीड़े-मकोड़े गिरते रहते हैं। इसी गंदे पानी को यात्री पीने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पार्किंग की व्यवस्था भी सही नहीं है, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है।

**सरकारी ट्रस्ट में जाने की आशंका-** सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो घटारानी मंदिर को सरकारी ट्रस्ट में जाने में ज्यादा देर नहीं लगेगी। इस नवरात्रि, योगेश्वर साहू ने घटारानी के सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों में कूड़ेदान का उपयोग करें और कचरा न फैलाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी कचरा कूड़ेदान में ही डालने का आग्रह किया है ताकि माता का दरबार स्वच्छ और पवित्र बना रहे।

# तेंदुए ने युवक पर किया हमला, आई मामूली चोटें

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के सोरिद वनलोहझर इलाके में शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। दोपहर लगभग 2 बजे एक तेंदुए ने सड़क पर खड़े एक युवक पर हमला कर दिया। युवक ने शोर मचाया, जिससे आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का शोर सुनकर तेंदुआ वापस जंगल की ओर भाग गया। घायल युवक, जो महासमुंद जिले के पटेवा गांव का रहने वाला है, अपने रिश्तेदार के यहां छुरा जा रहा था। उसे मामूली चोटें आई हैं और उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी बद्रीनाथ ध्रुव ने अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल का दौरा किया। बताया जा रहा है कि युवक ने तेंदुए को सड़क पार करते हुए देखा और रुककर उसे देखने लगा, जिससे गुस्साए तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने सोरिद, वनगवा, करपी, लोहझर, गुंडरदेही, बम्हणदेही और नागझर गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि वे घरों से बाहर निकलते समय सावधानी बरतें और बच्चों व मवेशियों को अकेला न छोड़ें। वन विभाग का कहना है कि तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और उसे जल्द ही पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी बताया कि तेंदुआ अपने बच्चों के साथ हो सकता है, जिसकी वजह से वह हिंसक हो गया था।



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने जो कहा उसे कर दिखाया : परदेशी राम

**नवापारा-राजिम।** परदेशी राम साहू भाजपा जिला मंत्री ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किला से जो कहा उसे कर दिखाया। नवरात्र के



प्रथम दिन देश में जीएसटी के ऐतिहासिक सुधार लागू हो रहा है। इस पहल से हमारे छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य को और मजबूती मिलेगी श्री साहू ने आगे कहा कि टैक्स संग्रहण अधिक पारदर्शी होगा तथा राज्यों की हिस्सेदारी समय सुनिश्चित होगी जिससे विकास कार्यों में नई गति आएगी जीएसटी निर्णय की विशेषता बताते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा और पोषण स्वास्थ्य और शिक्षा गृहस्थ घर आवास रोजगार और आजीविका पर टैक्स में कमी यह निर्णय ऐसा प्रतीत होता है जैसे घर के बड़े बुजुर्ग ने पूरे परिवार की सेहत, शिक्षा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर नियम बनाया इससे आम जनता को राहत मिलेगी और विकसित भारत संकल्प को नई गति मिलेगी।

### मारपीट के मामले में चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में चार आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पवन सोनवानी ने बताया कि 15 सितंबर की रात करीबन 11 बजे उसने अपने घर की छत से देखा कि जूना तालाब के सरकारी शौचालय के पास कुछ लोग गाली गलौज कर रहे हैं। वहां जाकर देखा तो पता चला किदिनेश, भूषण, सुभाष ,दीपक और अन्य लोग नशे में थे एवं गाली गलौच कर रहे थे। जिन्हें उसने मना किया, लेकिन वे लोग नहीं माने। जब वह पारा की ओर से घूमकर अपने घर वापस जा रहा था तभी से पीछे से मोटर सायकल में दिनेश, भूषण, सुभाष, दीपक आये और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पेज 11 के शेष...

### 100 बिस्तर के ...

स्तरीय और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। आगामी समय में इस अस्पताल का निर्माण पूर्ण होने पर गरियाबंद जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा।

**आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी-** कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि अस्पताल के निर्माण में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। यहां मरीजों एवं परिजनों की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रतीक्षालय, पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग स्थल तथा दिव्यांगजन के लिए विशेष रैम्प की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, अस्पताल परिसर में हरियाली और साफ-सफाई की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले अस्पताल संचालन की रूपरेखा तैयार करें, ताकि भवन उपलब्ध होते ही स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ की जा सकें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अस्पताल के प्रारंभ होने से न केवल गरियाबंद जिला मुख्यालय, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### 45 साल पुराने...

सामाजिक विज्ञान और इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं हैं, जिससे उनकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

**असामाजिक तत्वों का अड्डा-** शाम होते ही स्कूल परिसर शराबियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। परिसर में टूटी हुई बोतलें, गंदगी और कचरा फैला रहता है, जिससे स्कूल की संपत्ति को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। इस संबंध में स्थानीय विधायक जनक ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बताया कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और शिक्षा मंत्री से मिलकर स्कूल के नए भवन निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति की मांग करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में भी 5 करोड़ रुपये का एस्टीमेट भेजा गया था, लेकिन अभी तक राशि स्वीकृत नहीं हो पाई है।

---

**निरीक्षण : वेल्डिंग कार्य, वाहन सुविधा, तथा कृषि ट्रैक्टर जैसी आजीविका गतिविधियों को देखा**

# सीईओ ने बिहान योजना के तहत महिला समूहों की आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत दिनांक 19 सितम्बर को जनपद पंचायत छुरा में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रखर चंद्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण लिया गया। उनके साथ सतीश चंद्रवंशी सीईओ जनपद पंचायत छुरा, रमेश वर्मा डीपीएम ,पतंजल मिश्रा डी पीएम, सुभाष चंद्र निर्मलकर बीपीएम, एसी, प्रदान टीम, आईएफसी ऐंकर, पीआरपी, तथा बिहान योजना से जुड़ी अन्य दीदीयां एवं कैडर उपस्थित रहे। यहां की दीदी ओसला कंवर द्वारा संचालित सेंटिंग प्लेट, किराना दुकान, कपड़ा व्यवसाय, टेंट व डीजे सेवा, वेल्डिंग कार्य, वाहन सुविधा, तथा कृषि ट्रैक्टर जैसी अनेक आजीविका गतिविधियों को देखा गया। उन्हें सेंटिंग प्लेट को अधिक से अधिक आवास निर्माण में उपयोग करने तथा अन्य दीदियों को इसके लिए प्रेरित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। दुकान में उपस्थित स्कूली बच्चों से शिक्षा संबंधी जानकारी ली गई और उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



#### जेंडर समावेशन की दिशा में प्रयास

जेंडर मास्टर ट्रेनर द्वारा गांव में चल रहे जेंडर संवेदनशीलता कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और निर्णय लेने में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा हुई। सीईओ ने सभी दीदियों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि बिहान के माध्यम से विभिन्न आजीविका मॉडलों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता एवं सामाजिक सशक्तिकरण को बल मिला है। दीदियों को नवाचार, सामूहिकता और विविध गतिविधियों के लिए सतत रूप से प्रोत्साहित किया गया।

#### दीदी भगवती बहुआयामी ग्रामीण उद्यमिता की मिसाल

दुल्ला ग्राम की दीदी भगवती साहू द्वारा संचालित होटल, किराना दुकान, च्वाइस सेंटर, आटा चक्की तथा राइस मिल का अवलोकन किया गया। दीदी द्वारा समूह के सहयोग से सशक्त उद्यम खड़ा किया गया है।उनके मासिक व वार्षिक आय-व्यय की जानकारी लेकर अन्य दीदियों को भी उद्यमशील बनने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत केवटींझर दीदी संतोषी की बाड़ी आधारित खेती दीदी संतोषी द्वारा खीरा उत्पादन कार्य का निरीक्षण किया गया, जो वे विगत 5 वर्षों से कर रही हैं। उन्होंने समूह से ऋण लेकर बाड़ी कार्य प्रारंभ किया और अब 8 एकड़ भूमि क्रय कर विस्तार की योजना बना रही हैं।उल्लेखनीय है कि वे जनपद सदस्य भी हैं, जिससे समूह के माध्यम से नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी सशक्त रूप से सामने आई है।

---

## स्वच्छता से मानसिक और भावनात्मक आराम मिलता है



हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, बिजली में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत इको क्लब के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। छात्रों ने पौधों की निराई-गुड़ाई कर उनमें पानी डाला। इस अवसर पर, संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह देश की गरिमा बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्राचार्य ने छात्रों को नियमित रूप से अपने आसपास सफाई रखने और बीमारियों से बचने के लिए बुनियादी स्वच्छता उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साहू ने आगे बताया कि स्वच्छता से बैक्टीरिया और वायरस से होने वाली बीमारियों से बचाव होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रमण का खतरा कम होता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से मानसिक और भावनात्मक शांति भी मिलती है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य पूरन लाल साहू के साथ व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी सहित अन्य शिक्षक और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

---

## 108 साल पुरानी गौशाला में पीएम मोदी का जन्मदिन मनाया गया





हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

नगर की 108 वर्ष पुरानी श्री गोपाल गौशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें गौ-सेवा और देशभक्ति की भावना पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गौशाला परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहाँ प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इसके बाद, गौशाला परिसर में 'एक पेड़ गौ माता के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया और गौ-माताओं को गुड़ व हरा चारा खिलाया गया। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक गोपाल यादव के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीत गाकर देश प्रेम की भावना जगाई। इसके बाद एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसका संचालन गौशाला के सचिव राजू काबरा ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी और गौशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मोहनलाल अग्रवाल, बसंत झाबक, सुंदर पंजवानी, धरम साहू सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को शॉल, श्रीफल और गौ-माता के मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में गौशाला के उपाध्यक्ष चंदू कंसारी, अभिषेक अग्रवाल, वीरू नागवानी और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** ट्रक की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा भानपुर निवासी अजय ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई है कि सुबह वह अपने दुकान में था, तभी उसे सूचना मिली उसके पड़ोसी शिवलाल मिर्धा का विश्वा ढाबा के पास एक्सीडेंड हो गया। सूचना मिलने के बाद जब उसने विश्वा ढाबा के पास जाकर देखा तो उसका पडोसी शिवलाल मिर्धा घायल अवस्था में पड़ा हुआ था, वहीं कुछ दूर में बल्कर ट्रक खड़ी थी। उसी समय डायल 112 वाहन आयी और घायल शिवलाल मिर्धा को इलाज के लिए बागबाहरा अस्पताल लेकर गये। जहां डाक्टर द्वारा शिवलाल मिर्धा की मौत हो जाना बताया गया। इसके बाद उसने ढाबा के पास जाकर लोगों से पूछताछ किया। तब लोगों ने बताया कि बल्कर ट्रक क्र. सीजी 07 सीएल 8455 खरियार रोड की तरफ से आ रहा था।

## परसदाखुर्द में स्वच्छता और जल संरक्षण पर छात्रों ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव(कोरासी)

शनिवार को शासकीय कन्या हाइस्कूल सहित शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय माध्य शाला के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम परसदाखुर्द में रैली निकाल कर शौचालय उपयोग, कचरा प्रबंधन व जल संरक्षण पर लोगों को जागरूक करने के लिए नारे लगाते हुए गली भ्रमण किया गया जिसमें गणमान्य नागरिक के साथ पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रवीण कामत, उपसरपंच ग्राम पंचायत परसदाखुर्द ओमप्रकाश पटेल, वरिष्ठ नागरिक भूखन पटेल, अरुण पटेल, राधे यादव सभी शाला के शिक्षक / शिक्षिकाओं, जिसमें हाइस्कूल से व्याख्याता उत्तम कुमार कुर्रे, स्वाति वर्मा परमार, सविता दीवान, सुनीता ध्रुव, देवराज दीवान, नम्रता निषाद, सहायक शिक्षक विज्ञान भूमिसूता भोई, बड़े बाबू प्रेमलाल सिन्हा, शिक्षक भारत दीवान, चुन्नू लाल पटेल सहायक शिक्षक देवलाल ध्रुव, राधिका दीवान ,शाला के अन्य कर्मचारी परमेश्वरी यादव, घनश्याम ठाकुर, टमन निर्मलकर, मिथुन नेताम व समस्त छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

---

## परसदाखुर्द में स्वच्छता व जल संरक्षण पर जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटसिवनी (पिपरहट्टा)

शनिवार को शासकीय कन्या हाईस्कूल, प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने ग्राम परसदाखुर्द में एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य लोगों को शौचालय के उपयोग, कचरा प्रबंधन और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने नारे लगाते हुए गांव की गलियों में भ्रमण किया। इस दौरान गांव के गणमान्य नागरिक और पंचायत प्रतिनिधि भी रैली में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रवीण कामत, ग्राम पंचायत परसदाखुर्द के उपसरपंच ओमप्रकाश पटेल, और वरिष्ठ नागरिक भूखन पटेल, अरुण पटेल व राधे यादव सहित सभी स्कूलों के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। रैली में हाइस्कूल के व्याख्याता उत्तम कुमार कुर्रे, स्वाति वर्मा परमार, सविता दीवान और अन्य शिक्षकों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। सभी छात्रों और शिक्षकों के सक्रिय योगदान से यह जागरूकता रैली सफल रही, जिसने गांव में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत बोड़की में विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

केंद्र सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोड़की के मौली चौक में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य संयोजक पूनम ध्रुव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्राम पंचायत बोड़की के सरपंच नेतराम सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि जब नारी स्वस्थ रहेगी, तभी बच्चा और पूरा परिवार भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए सरकार जन्म से लेकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक कई योजनाएं चला रही है, जिनमें टीकाकरण, पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी सेवाएं शामिल हैं। सरपंच ने महिलाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से पौष्टिक आहार लें, व्यायाम करें और शराब व तंबाकू जैसी हानिकारक चीजों से दूर रहें। उन्होंने खासतौर पर हरी सब्जियों और मौसमी फलों को अपने भोजन में शामिल करने की सलाह दी। स्वास्थ्य संयोजक पूनम ध्रुव ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार/" अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं का



स्वास्थ्य सिर्फ व्यक्तिगत विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार और समाज की उन्नति से जुड़ा हुआ है। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष शामिल हुए और उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

## बिजली में आदि कर्म योगी सेवा अभियान का शुभारंभ



**छुईहा बेलर।** जिला प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल, 'आदि कर्म योगी सेवा अभियान' का शुभारंभ किया है। इस अभियान का आगाज 17 सितंबर को बिंजली गांव में स्वच्छता की शपथ के साथ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सरपंच पदमा मोती निषाद, उपसरपंच तोषण पटेल और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। रविवार को राज्यपाल द्वारा गोद लिए गए ग्राम पंचायत बिंजली और मड़वाडीही में इस अभियान को गति दी जाएगी, जिसमें कलेक्टर भगदास उईके, जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भाग लेंगे।

सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाना, स्वच्छता को एक जन-आंदोलन बनाना और समाज को सेवा के संकल्प से जोड़ना है। यह अभियान 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक चलेगा। इस दौरान गांव-गांव में सफाई कार्य, जागरूकता रैलियां और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

---

**आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने ली शपथ, नगर भ्रमण से दिया स्वच्छता का संदेश**

# जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा है 2025' अभियान की शुरुआत हो चुकी है। यह अभियान 16 सितंबर से 30 सितंबर तक राज्य के सभी स्कूलों में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, शनिवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में एक भव्य स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्कूल के सभी शिक्षकों और छात्रों ने बैंड-बाजे और नारों के साथ पूरे शहर का भ्रमण किया। उन्होंने नागरिकों से अपने



आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। रैली के साथ-साथ, स्कूल में रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर पालिका की सीएमओ संध्या वर्मा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाएगा। रैली के बाद, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर स्कूल परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता का महत्व समझते हुए शपथ ली कि वे खुद भी स्वच्छ रहेंगे और अपने परिवेश को भी साफ-सुथरा रखेंगे। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध ने कहा की स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की आदत होनी चाहिए। बच्चों को इस दिशा में प्रेरित करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी इस संदेश को समाज तक पहुंचाकर बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ संध्या वर्मा, सब-इंजीनियर राजेश पाथर, और स्कूल के समस्त शिक्षक-कर्मचारी मौजूद रहे।



### डॉक्टर चंद्रिका साहू दूसरी बार अध्यक्ष बनीं

**राजिम।** बकली ग्रामीण साहू समाज के डॉक्टर चंद्रिका साहू दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रिका साहू, उपाध्यक्ष रामजी साहू ,सचिव भारत साहू ,महिला उपाध्यक्ष ललिता साहू ,संगठन सचिव प्रमोद साहू ,महिला संगठन सचिव भानमति साहू ,कोषाध्यक्ष सिलोचन साहू ,संरक्षक द्वय तीजूराम साहू ,जयपाल राम साहू ,अंकेक्षक शाशिकांत साहू बने। इन सभी पदाधिकारियो को समाज के लोगो ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप



### बेहरपाल में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

छुईहा बेलर। ग्राम बेहरापाल में इस वर्ष विश्वकर्मा जयंती का पर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित जी द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा और महाआरती से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। समारोह के दूसरे दिन, एक भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं ने पूरे गांव में एक भक्तिमय और उल्लासपूर्ण माहौल बना दिया। शोभायात्रा के बाद, भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को विधि-विधान के साथ तालाब में विसर्जित किया गया। इस धार्मिक उत्सव में गांव के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जो सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गया। समिति ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को और भव्य बनाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर, जनपद सभापति मंजु दिनेश साहू, सरपंच निर्मला पवन यदु, समिति अध्यक्ष कुलेश्वर राम साहू और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**आयोजन : आईएसबीएम विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर जागरूकता रैली**

# विज्ञान का उपयोग समाज में जागरूकता लाने किया जाना चाहिए : डॉ विश्वनाथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर, आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने शांति और सद्भाव का संदेश फैलाने के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह रैली विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय और साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम नवापारा में निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, कुलसचिव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और शांति व भाईचारे को बढ़ावा देने वाले नारे लगाए। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बातचीत कर उन्हें शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग का महत्व समझाया। ग्रामीणों ने भी विद्यार्थियों की इस पहल का स्वागत किया और शांति और एकता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।



### वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक जिम्मेदारी

विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान का उपयोग सिर्फ प्रयोगशाला तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका प्रयोग समाज में जागरूकता लाने और सकारात्मक बदलाव के लिए भी किया जाना चाहिए। विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने कहा कि मानवता का विकास शांति और सद्भाव के बिना संभव नहीं है। उन्होंने इस पहल के लिए युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे समाज में शांति और एकता का संदेश फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम का समापन लुकेश्वर साहू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस रैली के माध्यम से, आईएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्रों ने यह संदेश दिया कि शांति सिर्फ एक विचार नहीं, बल्कि समाज के विकास और मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### कोसममुड़ा में समाजसेवी संजय शर्मा ने स्कूली बच्चों को बांटे बैग

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल ग्राम कोसममुड़ा में समाजसेवी और साहित्यप्रेमी संजय शर्मा ने अपने निजी खर्च पर स्कूली बच्चों को निःशुल्क बैग वितरित किए। यह कार्यक्रम उनके पिता, स्वर्गीय रामाधार शर्मा की स्मृति में आयोजित किया गया था, जिन्होंने लंबे समय तक मैनपुर में एक डॉक्टर के रूप में समाज की सेवा की। इस अवसर पर संजय शर्मा ने बच्चों को नशा और अन्य व्यसनों से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा दिखाती है और समाज को प्रगति के पथ पर ले जाती है। उन्होंने बताया कि गरियाबंद जिले में अब तक 75 से अधिक विद्यालयों में गरीब बच्चों को ये बैग वितरित किए जा चुके हैं। कोसममुड़ा को एक गंभीर नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है, ऐसे में संजय शर्मा का यह कदम बेहद सराहनीय और साहसिक माना जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में माध्यमिक और प्राथमिक शाला के शिक्षकों के साथ-साथ ग्राम पंचायत के कई सदस्यों और ग्रामीणों ने भी सक्रिय रूप से योगदान दिया। ग्रामीणों का मानना है कि संजय शर्मा की यह पहल बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और इससे पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति एक नई जागरूकता आएगी।

## बीईओ ने प्राचार्यों व संकुल समन्वयक की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति रायपुर द्वारा विद्यार्थियों के बीच गौ माता के प्रति श्रद्धा भाव जागृत करने एवं गौवंश संवर्धन सुरक्षा हेतु व्यापक जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी द्वारा गौ वंश संयोजक रूपेंद्र कुमार साहू (सेवानिवृत प्राचार्य) एवं सह संयोजक जयप्रकाश साहू की उपस्थिति में बीआरसी भवन फिंगेश्वर में प्राचार्यो एवं संकुल समन्वयको की आवश्यक बैठक ली।इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने कहा कि गाय पवित्रता,समृद्धि एवं मातृत्व का प्रतीक है।गाय का दूध, दही, घी, ही नहीं अपितु गोबर और गौमूत्र भी काफी उपयोगी है।उन्होंने आगे कहा कि पांचवी, आठवीं, दसवीं बारहवीं की तिमाही परीक्षा 22 सितंबर से आरंभ हो रही है, जिनके लिए केन्द्राध्यक्षों की ड्यूटी लगाई गई है। वे अपने दायित्वों का निर्वहण करते हुए परीक्षा कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संपादित करेंगे।सभी संकुल समन्वयक चार दिन शाला में रहकर तीन कालखंड अनिवार्य रूप से अध्यापन कार्य कराते हुए दो दिन स्कूलों का अनिवार्य रूप से मॉनिटरिंग कार्य करें। सभी विद्यालय में मध्यान्ह भोजन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण परोसा जावें।इसके साथ साथ शाला की उचित रखरखाव एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिये। सभी विद्यार्थियों का आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बना हुआ होना चाहिए जिससे शासन से मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभों से विद्यार्थी को वंचित न होना न पड़े। गौ वंश संयोजक रूपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि गौवंश न सिर्फ धार्मिक-ष्टिकोण से महत्वपूर्ण है अपितु उनका पर्याय वैज्ञानिक आधार भी है। हमारे स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए गौ वंश अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने आगे कहा कि गौ माता भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखती है। पंचगव्य के बिना हिंदू धर्म में कोई भी पूजन संभव नहीं है। जिस घर में गाय होती है उस घर का वातावरण बहुत पवित्र होता है।गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन 4 नवंबर 2025 को पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित की जाएगी।सहसंयोजक जयप्रकाश साहू ने कहा कि गांव विज्ञान परीक्षा आयोजन यह विद्यार्थियों और आम लोगों में गायों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित की जाती है।कार्यक्रम का संचालन विकासखंड नोडल अधिकारी टोकेश साहू ने किया। इस बैठक में प्राचार्य एमआर रात्रे, पूरन लाल साहू, संजय एक्का, खुमान सिंह ध्रुव, नारायण सिंह ध्रुव, विजयमणी वर्मा, चौतन्य यदु, वर्षा नेताम, याचना जोशी, सोनाली पवार, सिंधु साहू, मेधा ठाकरे, भारती साहू, संकुल समन्वयक पुराणिक ध्रुव, भुवन यदु, किरण साहू, डगेश्वर ध्रुव, अशोक सोनवानी, डीहू रावत, सूखेन साहू, अनिल सिन्हा, आशीष सिन्हा, अनिल मेघवानी, रामायण साहू, दुलेश्वर सिन्हा, दशरथ वर्मा, भारती नामदेव सहित प्राचार्यगण व फिंगेश्वर ब्लाक के संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

# रसेला लघु वनोपज समिति की रजत जयंती, आमसभा में लेखा-जोखा प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, रसेला ने अपनी रजत जयंती के अवसर पर 20 सितंबर को एक महत्वपूर्ण आमसभा का आयोजन किया। छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज समितियाँ वनवासियों के लिए आर्थिक और सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। आमसभा की अध्यक्षता जिला यूनियन अध्यक्ष कल्याण कपील और समिति अध्यक्ष भावसिंह मरकाम ने की। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष देवकुंवर निर्मलकर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, पूर्व सरपंच बिग्रेन्द्र ठाकुर, और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।



**लेखा-जोखा और वित्तीय स्थिति-** समिति के प्रबंधक केशव यादव ने वर्ष 2025-26 का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस अवधि में जिला यूनियन से 2,62,620 की राशि प्राप्त हुई और पूर्व सिलक 74,769.14 था। कुल व्यय राशि 31,660.14 रही, जिससे 31,660.14 की बचत हुई। ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से संग्राहकों को पारिश्रमिक के रूप में 99,41,855, फड अभिरक्षक को 17,100 और मुंशी कमीशन के रूप में 43,200 का भुगतान किया गया, जिसका कुल योग 1,00,02,155 है।

**छात्रवृत्ति और कल्याणकारी योजनाएं-** समिति ने शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। 2023-24 में मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई, जिसमें लेखराज और भावना को 2,500 प्रत्येक, और मनोज और रितिका को 3,000 प्रत्येक का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त, 2025-26 में व्यावसायिक/गैर-व्यावसायिक छात्रवृत्ति के तहत प्रकाश और गौरी को 5,000 प्रत्येक दिए गए। प्रतिभाशाली बच्चों के लिए भी विशेष छात्रवृत्ति योजना के तहत विद्याश्री को 15,000 (कक्षा 10वीं) और चांदनी को 25,000 (कक्षा 12वीं) का भुगतान किया गया। आमसभा में सदस्यों को लघु वनोपज से होने वाले लाभों, सरकारी बीमा योजनाओं और छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला यूनियन अध्यक्ष कल्याण सिंह कपील ने कहा कि लघु वनोपज समितियां ग्रामीणों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाती हैं। पूर्व सरपंच बिग्रेन्द्र ठाकुर और कमलेश्वर नायक ने भी अपने विचार साझा किए।

### नवापारा नपा के लेखापाल डीसी बाबू को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई




**नवापारा-राजिम।** नवापारा नगर पालिका में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले लेखापाल डीसी बाबू सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके सेवानिवृत्ति पर नगर पालिका के समस्त स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। डीसी बाबू ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्ठा और ईमानदारी से काम किया, जिसकी सराहना की गई। उनकी जगह पर नए लेखापाल के रूप में नवीन साहू ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### विश्वकर्मा जयंती में शामिल हुईं देवकी

**भंवरपुर।** भगवान विश्ववकर्मा जयंती पर ग्राम पंचायत चंदखुरी के आश्रित ग्राम धामनघुटकुरी में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया।जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकी पुरुषोत्तम दीवान छत्तीसगढ़िया कृषि सभापति जिला पंचायत महासमुंद एवं अध्यक्षता ग्राम प्रमुख चतरु साहू ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में उप सरपंच ब्रजमोहन प्रधान, डा.सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर थे। सभापति देवकी ने मुख्य अतिथि के आसंदी से कहा कि भगवान विश्वकर्मा क्षेत्र के सभी परिवार का कल्याण व सुख शांति सद्भाव प्रदान करें। यह सृष्टि के सबसे बड़े कलाकार हैं। इसलिए प्रथम और सबसे बड़ा इंजीनियर भी कहा जाता है।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय–फिंगेश्वर के बैनर तले भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय के निर्देशानुसार प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे की प्रेरणा तथा मार्गदर्शन से दो सत्रें में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग थीम पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी ने प्रथम सत्र के अपने व्याख्यान में कहा कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग विकसित भारत युवा संवाद 2026 का हिस्सा है, जो माई भारत पोर्टल पर उपलब्ध है।यह पहल पूरे देश में युवाओं को भारत के भविष्य को आकार देने के लिए प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है जिसमें देश भर के 3,000 से अधिक गतिशील युवा नेता एक साथ आएँगे।भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के युवाओं में जिज्ञासा जगाने, ज्ञानपूर्ण भागीदारी को बढ़ावा देने और हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने विकसित भारत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जा रहा है।विजेताओं अपने विचारों को साझा कर सकते हैं, नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं और विकसित भारत /2047 के सपने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।





मुख्य वक्ता प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने द्वितीय सत्र के अपने व्याख्यान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग प्रश्नोत्तरी के शर्तो् को विस्तार से रखा। भाग लेने के लिए किसी प्रवेश शुल्क की आवश्यकता नहीं है। इस प्रश्नोत्तरी में बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, और प्रत्येक प्रश्न के 2–4 विकल्प होंगे जिनमें से केवल एक ही सही उत्तर होगा। यह प्रश्नोत्तर सभी पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के लिए है, लेकिन केवल 15-29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं (1 सितंबर, 2025 के अनुसार) को ही अगले चरणों में आगे बढ़ने के लिए पात्र माना जाएगा। विजेताओं का चयन उच्चतम अंक प्राप्त करने वालों में से एक कंप्यूटर-आधारित लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्यशाला में महाविद्यालय 400 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने दलनायिका सोहद्रा सिन्हा एवं विनिशा साहू, दीवा संगठक फनेश्वरी साहू एवं कल्याण साहू, प्रेस विज्ञप्ति प्रभारी हेमशरण नेताम एवं कृति सिन्हा, सांस्कृतिक प्रभारी लोकेश्वरी साहू सहित आर्यन निर्मलकर, भूमिका, उर्वशी, केशरी, भूमिका, कल्याणी, ओमप्रकाश, कामेश्वरी, शीतल, सीमा, यशोधरा, मोनिका, णमिता , हिमानी, मधु, लिसा, साधना, खिलेश्वरी, ललिता, पोषमणि, योगेश्वरी, गोमती, रत्ना, आरती, तुलसी, छाया, मोनिका, नेहा, जितेश, मुकेश्वरी, टाकेश्वर, पूर्णिमा, इत्यादि, स्वयं सेवकों का विशेष योगदान रहा।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता हैं कि मेरे सुपुत्र
स्व. श्री कामेश कुमार निर्मलकर
का आकस्मिक निधन दिनांक 17/09/2025 दिन बुधवार को हो गया हैं।

कार्यक्रम
पंच नहावन एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम दिनांक 21/09/2025 दिन रविवार को समय दोपहर 12 बजे, निज निवास बरोंडा (राजिम) रखा गया हैं ।

शोकाकुल परिवार
श्री भानु निर्मलकार, अरुण निर्मलकर, श्री अशोक निर्मलकर, चंद्रकांत निर्मलकर, टिकेश्वर निर्मलकर एवं समस्त निर्मलकर परिवार

विनीत
स्व. श्री समारू राम (दादा)
श्रीमति हीरो बाई (दादी)
स्व. श्री दाऊ लाल (दादा)
श्रीमति राम बाई (दादी)
श्री राजेश निर्मलकर (पिता जी)
श्रीमति दिनेश्वरी निर्मलकर (मां)

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप

### दर्रीपाली में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ ग्राम पंचायत चिरको के आश्रित ग्राम दर्रीपाली में किया गया। धरती आबा उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आदि कर्मयोगी सेवा अभियान 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच खेमराज भट्ट द्वारा किया गया है। इस अवसर पर उपसरपंच दुष्यंत ध्रुव, सचिव चिन्तामणि साहू, एएनएम पूनम साहू, आं.बा.कार्यकर्ता गोमती ध्रुव, पंच दुलेश्वर ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव, धनीराम ध्रुव, संतोषी ध्रुव, अहिल्या ध्रुव, ग्राम प्रमुख़ प्रहलाद ध्रुव, जोइधा साहू, सुकलल ध्रुव, खोमन ध्रुव, मितानिन शारदा ध्रुव, रोजगार सहायक धनश्याम यादव आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रशिक्षण 25 को

**महासमुंद।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार बाढ़ से निपटने के लिए बाढ़ आपदा प्रशिक्षण हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर 23 सितम्बर 2025 को टेबल टॉप एक्सरसाईज तथा 25 सितम्बर को मॉक एक्सरसाईज का काल्पनिक अभ्यास कार्यक्रम ग्राम अछोला समोदा बैराज एवं जिला अस्पताल महासमुंद में किया जाएगा। उक्त आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी महासमुंद जिला के लिए इंसिडेंट कमांडर होंगे। इसी प्रकार सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग के लिए एवं सभी तहसीलदार तहसील के लए इंसिडेंट कमांडर होंगे। 25 सितम्बर को मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम में बाढ़ के समय किए जाने वालो कार्यां का अभ्यास किया जाएगा। जिसके लिए विभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो अपने विभाग अमले को नामजद कार्य सौपेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को विभाग के दायित्वों एवं सुविधाओं के साथ मॉकड्रिल में शामिल होने निर्देशित किया गया है।

### कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष बने कोमल

**महासमुंद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरकोनी में पदस्थ फार्मासिस्ट कोमल साहू को उनकी कर्मचारियों के हित के लिए निरंतर कार्यों को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का उप प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिससे महासमुंद जिले के सभी कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

**आस्था : संतान की प्राप्ति के बाद भक्त यहां चढ़ाते हैं लोहे की सांकल**

# प्राचीन रमई माता पाठ धाम, जहां निसंतान दंपतियों की भरती हैं झोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)


छुरा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम सोरिद खुर्द के बिहड़ जंगलों और पहाड़ों के बीच आठवीं शताब्दी का एक प्राचीन धार्मिक स्थल है गादी मई, जिसे अब रमई पाठ धाम के नाम से जाना जाता है। स्थानीय मान्यताओं और किंवदंतियों के अनुसार, यह वही स्थल है जहाँ त्रेता युग में वनवास के दौरान माता सीता कुछ समय के लिए रुकी थीं। कहा जाता है कि जब माता सीता को प्यास लगी तो उनके भाई लक्ष्मण ने अपने बाण से जमीन पर प्रहार किया, जिससे वहां से अविरल जलधारा बहने लगी। यह धारा आज भी बहती है और इसका जल स्वच्छ और मीठा होता है। मान्यता है कि माता सीता को मनाने के लिए भगवान राम, भगवान विष्णु, अर्धनारीश्वर शिव और अन्य देवता भी यहां आए थे, लेकिन माता सीता ने वनवास में ही रहना स्वीकार किया। तब से यह स्थल रमई माता के नाम से प्रसिद्ध हो गया। बाद में माता सीता यहां से तुरतुरिया स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम चली गईं, जहां लव और कुश का जन्म हुआ।

**रमई माता के आशीर्वाद से भक्तों की हर मनोकामना होती है पूरी**



**चमत्कारी शक्तियां**

यह रमई पाठ धाम अपनी चमत्कारी शक्तियों के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। सबसे बड़ी मान्यता यह है कि रमई माता निसंतान दंपतियों की झोली भरती हैं। संतान की प्राप्ति के बाद भक्त यहां लोहे की सांकल (चेन) चढ़ाते हैं। मंदिर परिसर में सदियों पुराना एक आम का पेड़ है, जिसकी जड़ से आज भी निर्मल जल बहता है, जो इस स्थल की दिव्यता का प्रमाण माना जाता है।



**शारदीय नवरात्रि की तैयारी**

इस वर्ष 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है, जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर समिति ने मनोकामना ज्योति कलश स्थापना के लिए 551 का शुल्क निर्धारित किया है। नवरात्रि के नौ दिनों तक दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, और दानदाताओं द्वारा उनके लिए विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस धाम की देखरेख 11 गांवों की एक समिति द्वारा की जाती है। रमई पाठ धाम, जो कभी एक निर्जन पहाड़ी थी, अब धीरे-धीरे एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रही है।



# किसानों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। यह जानकारी देते हुए किसान संघ के जिला सदस्य नत्थूराम साहू ने बताया कि भारतीय किसान संघ जो किसानों के हित में कई वर्षों से आवाज बुलंद कर रहा है किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहा है। किसानों के आराध्य देवता भगवान बलराम की आदम कद मूर्ति प्रत्येक जिले में हो इसके लिए भी पूर्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया है जिस पर अपनी सहमति मुख्यमंत्री द्वारा दी गई है। इसी तारतम्य में क्षेत्र के भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी नौ सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें खाद,बीज और कीटनाशक दवाई की कालाबाजारी को तत्काल रोकथाम किया जाए । सरकारी गोदाम में समुचित व्यवस्था की जाए तथा हाफ बिजली बिल योजना को लागू की जाए। सिंचाई का रकबा बढ़ाया जाए ,नहर का पानी अंतिम छोर के गांव तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था की जाए। श्री साहू ने कहा कि पिछली सरकार के द्वारा की गई घोषणा की बकाया किस्त की राशि दीपावली के पूर्व किसानों को दिया जाए। धान खरीदी का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 3280 रुपए किया जाए जिसमें केंद्र सरकार द्वारा घोषित 180 रुपए की वृद्धि भी शामिल हो। ज्ञापन सौंपने जिला सदस्य नत्थूराम साहू के साथ जिला अध्यक्ष खुमान साहू ,तहसील अध्यक्ष रोहित साहू, जिला सहमंत्री परसराम साहू, जिला प्रचार मंत्री गिरिराज साहू, भुनेश्वर साहू कमलेश पटेल, तुकाराम साहू, रामधन साहू, शिव साहू, सीताराम पटेल, प्रमिला साहू, चंपा साहू, मुकेश साहू सहित सैकड़ों किसान शामिल थे। कहा गया कि यदि उनकी मांगों का निराकरण जल्द नहीं होता है तो किसान उग्र आंदोलन करने मजबूर होंगे।

# किसानों की हितैषी सरकार है भाजपा : जितेंद्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कृषक सेवा सहकारी समिति राजिम की वार्षिक आम सभा का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के पूर्व अध्यक्ष कालूराम ध्रुव ,चोवाराम साहू ,धनेश सोनकर ,नंदू साहू सहित संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर पोखरा समिति के अध्यक्ष ललित साहू, रक्सा समिति के अध्यक्ष निकम साहू सहित किसान एवं स्टॉफ के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में संस्था के व्यवस्थापक अमृतलाल साहू ने संस्था के वार्षिक आम सभा में पूरे एक वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने उपस्थित किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। यह सरकार किसान हितैषी सरकार है। वादा के अनुसार किसानों के धान को 31 क्विंटल में खरीदकर किसानों का सम्मान किया। यह एक ऐसी संस्था है जो किसानों को जीरो परसेंट ब्याज पर धान का बीज ,खाद ,दवाई एवं नगद राशि देती है। साथ ही साथ लीड संस्था के रूप में काम करती है जो फिंगेश्वर ब्लॉक में चावल ,शक्कर ,मिट्टी तेल एवं अन्य राशन सामग्री उपलब्ध कराती है। श्री सोनकर ने कहा कि इस वर्ष किसानों का धान बगैर किसी परेशानी का खरीदा गया जिसमें राजिम संस्था की आर्थिक स्थिति मजबूत हुआ। साथ ही साथ किसानों को प्रतिवर्ष तीन किस्तों में 6000 की राशि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त होता है। बताया कि हमारी संस्था किसानों को अल्पकालिक मध्यमकालीन लोन भी देती है जिसमें हार्वेस्टर, ट्रैक्टर, जेसीबी सहित कई मशीनरी शामिल है जो किसानी से संबंधित है। इस संस्था के माध्यम से ऋण भी देती है। कार्यक्रम में संस्था के पूर्व संचालक विष्णु साहू, श्यामनगर से बृजलाल साहू, पूर्व संचालक नारायण जांगड़े, रामदीन सोनकर, अर्जुन मानिकपुरी, दुर्योधन निर्मलकर ,राम भगवान साहू, बालूराम यादव, रामस्वरूप सिंह, विश्राम वर्मा, विक्रम देवांगन, चेतन साहू, अर्जुन साहू, रमेश साहू, पवन साहू, वेदराम साहू, ईश्वर साहू, प्रकाश साहू, विष्णु साहू, रामविशाल साहू, अश्वनी साहू, दिनेश चंद्राकर, सुरेंद्र देवांगन सहित अनेकों किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पर्यवेक्षक के आर साहू ने किसानों को बहुत सारी योजनाओं की जानकारी दी। आभार प्रभारी प्रबंधक अमृतलाल साहू ने किया।

■ कृषक सेवा सहकारी समिति राजिम की वार्षिक आमसभा

# पहले की बनिस्पत आज बेहतर शिक्षा संसाधन उपलब्ध है : चंदूलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर एल्यूमिनी मीट के आयोजन में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं पहुंचे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू थे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री छाया राही, देवकी साहू, मधु नत्थानी एवं मनमोहन अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर चंदूलाल साहू ने कहा कि पहले महाविद्यालय की सुविधाएँ सीमित थी और विद्यार्थियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, किंतु आज बेहतर शिक्षा संसाधन उपलब्ध हैं। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने अपने संघर्षपूर्ण छात्र जीवन को याद करते हुए महाविद्यालय के शासकीय दर्जा प्राप्त करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि कार्य करने का जज्बा उन्हें महाविद्यालय से मिला। राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने कहा कि अध्ययन में हमेशा लगन और मेहनत बनाए रखें। सत्य को हमेशा अपना ताकत बनाएं। कार्यक्रम में मौजूद नरेंद्र लालवानी, ब्रह्मदत्त शर्मा, मुन्ना देवदास ने अपने अनुभव बताए। उद्योगपति मनमोहन अग्रवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने आय का कुछ हिस्सा धार्मिक कार्यों में अवश्य लगाना चाहिए और हम हमेशा अपना लक्ष्य बड़ा रखना चाहिए धर्म कर्म के कार्य में क्रियाशील रहना चाहिए। छाया राही ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अभी से यह लक्ष्य बनाएं कि उन्हें क्या करना है वह क्या करना चाहते हैं और कहां जाना चाहते हैं इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अध्ययन कार्य में लीन रहे।

# शीतला मंदिर व तालाब परिसर की हुई सफाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें स्वच्छता अभियान, पौधा रोपण, रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर जैसे अलग-अलग चरणों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शनिवार को सेवा पखवाड़ा के तहत नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में नवापारा मण्डल द्वारा नगर के माता देवालय स्थल शीतला तालाब पहुँचकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, सीएमओ लवकेश पैकरा, भाजपा मंडल महामंत्री सिंटू सौरभ जैन,उपाध्यक्ष धीरज साहू, मनीष देवांगन, सभापति सहदेव कंसारी, पार्षद नम्मू ध्रुव, सुजीत निषाद मुकुंद मेश्राम, राजू रजक, नवल साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, मनोज सेन, देवेंद्र सेन, गौरव समनानी, पार्षद प्रतिनिधि लीलाराम निषाद, पदमिनी सोनी, नीता धीवर, गीता राजपूत, किरण सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की सेवा करना और लोगों में सेवा भावना को बढ़ावा देना, धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई देखभाल आदि शामिल हैं। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किया जा रहा है, इसका समापन महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर होगी।

# अतरमरा में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हुए 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अतरमरा गांव के मिडिल स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह अभियान 2 अक्टूबर, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक चलेगा। सेवा पखवाड़ा के माध्यम से भाजपा, समाज के हर वर्ग को विभिन्न कल्याणकारी और पर्यावरणीय गतिविधियों से जोड़ना चाहती है। इसका मुख्य फोकस सरकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाना, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण पर है। यह पहल प्रधानमंत्री के उस दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें राजनीति का उद्देश्य लोगों, विशेषकर गरीबों और वंचितों की सेवा करना है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य और वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने पर्यावरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरणीय समस्याओं का एक महत्वपूर्ण समाधान है। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर और ऑक्सीजन छोड़कर हवा को शुद्ध करते हैं, जो हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पेड़ों की जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और भूमि की उर्वरता बनाए रखती हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सामूहिक प्रयास है जिसमें हर किसी को भाग लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, किसान मोर्चा मंत्री टीकमचंद साहू, मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, महामंत्री किसन कड्रा, सरपंच केजा बाई सोम और स्कूल के प्रधान पाठक सहित कई स्थानीय लोग और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### एवीजीसी पर हुआ वेबिनार

सरायपाली (ग्रामीण)। डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के प्राचार्य प्रोफेसर केके तिवारी के मार्गदर्शन तथा दिशा निर्देश में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल तथा एरेना एनीमेशन बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में एनिमेशन विषय पर वेबिनार हुआ।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालड़ा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# फिंगेश्वर में स्वच्छता ही सेवा उत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में, फिंगेश्वर जनपद पंचायत में 'स्वच्छता ही सेवा' उत्सव का शुभारंभ किया गया। यह उत्सव 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी नेहरू साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के तहत, विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद सभापति/सदस्य नेहरू साहू, नंदु यादव, माधुरी ध्रुव, रामेश्वरी कुर्रे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ज्योतिबाला धालेन और अन्य कर्मचारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। यह अभियान पूरे विकासखंड में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और नागरिकों को साफ-सफाई में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
▸ किडनी फेलयर (ARF/CRF)
▸ डायलिसीस
▸ बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
▸ नेफ्रोटिक सिंड्रोम
▸ हाई बीपी (HIGH BP)
▸ PCNL
▸ AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
18 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:– 7354–411411